**अभ्यास प्रश्न पत्र - 2023**

**कक्षा-12**

**विषय - अर्थशास्त्र ; सेट (द)**

**समय -3 घंटे** **पूर्णांक-80**

**निर्देश**

**1. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं |**

**2. प्रश्न क्रमांक 1 से 5 तक 32 वस्तुनिष्ठ प्रश्न है। इनमें से सही विकल्प 07 अंक,रिक्त स्थान 06 अंक, सही जोड़ी 6 अंक, एक शब्द से एक वाक्य में उत्तर 06 अंक एवं सत्य /असत्य 07 अंक संबंधी प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न हेतु 01 अंक निर्धारित है |**

**3. प्रश्न क्रमांक 6 से 23 तक में आंतरिक विकल्प दिए गए हैं |**

**4, प्रश्न क्रमांक 6 से 15 तक प्रत्येक प्रश्न के लिए 2 अंक निर्धारित हैं | (शब्द सीमा अधिकतम 30 शब्द)**

**5, प्रश्न क्रमांक 16 से 19 तक प्रत्येक प्रश्न के लिए 3 अंक निर्धारित हैं | (शब्द सीमा अधिकतम 75 शब्द)**

**6.प्रश्न क्रमांक 20 से 23 तक प्रत्येक प्रश्न के लिए 4 अंक निर्धारित हैं | (शब्द सीमा अधिकतम 120 शब्द)**

**प्रश्न.1) सही विकल्प का चयन कीजिये :-** **(1*7)**

(i) निम्न में से किस अर्थव्यवस्था में निजी क्षेत्र एवं सार्वजनिक क्षेत्र का सह-अस्तित्व होता है ?

(अ) पूँजीवादी (ब) समाजवादी

(स) मिश्रित (द) इनमें से कोई नहीं

(ii)उपभोग की अंतिम इकाई से प्राप्त होने वाली उपयोगिता को कहा जाता है -

(अ) सीमांत उपयोगिता (ब) शून्यात्मक उपयोगिता

(स) धनात्मक उपयोगिता (द)ऋणात्मक उपयोगिता

(iii) औसत स्थिर लागत -

(अ) उत्पादन बढाने पर घटती है (ब)उत्पादन के हर स्तर पर उतनी ही रहती है

(स) उत्पादन बढाने पर बढती है (द) प्रारंभ में बढती है फिर घटती है

(iv) पूर्ति में कमी के निम्नलिखित में से कौन-से कारण है-

(अ) उत्पादन लागत में वृद्धि (ब) स्थानापन्न वस्तुओं की कीमतों में वृद्धि

(स) उद्योगो में फर्मो की संख्या में कमी (द) उपर्युक्त सभी

(v) समूह की बनावट पर ध्यान न देना किस अर्थशास्त्र की प्रमुख समस्या है -

(अ) व्यष्टि अर्थशास्त्र (ब) समष्टि अर्थशास्त्र

(स) दोनों की (द) किसी की नहीं

(vi) राष्ट्रीय आय एक माप है -

(अ) देश के कुल उत्पाद की (ब) देश के कुल उपभोग की

(स) देश के कुल निर्यात की (द) देश के कुल आयात की

(vii) उपभोग फलन का फलनात्मक सम्बन्ध है

(अ) आय और बचत का (ब) आय एवं उपभोग का

(स)उपभोग एवं बचत का (द) इनमें से कोई नहीं

https://www.mpboardonline.com

**प्रश्न.2) रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिये-** **(1*6)**

(i) आय में वृद्धि होने से कुछ वस्तुओं की मांग ___जाती है एवं कुछ वस्तुओं की मांग___जाती है।

(ii) यदि निकट प्रतिस्थापन वस्तु आसानी से उपलब्ध नहीं होती तो उस वस्तु की मांग ____ होगी।

(iii) औसत लागत तथा सीमांत लागत दोनों ही लागत _____से ज्ञात की जाती हैं।

(iv) पूर्ण प्रतियोगिता एक .................. स्थिति होती है।

(v) ____अर्थव्यवस्था की वह दशा है जिसमें मुद्रा का मूल्य घटता है तथा वस्तुओं का मूल्य बढता है।

(vi) प्रभावी मांग का विचार _____ने प्रस्तुत किया।

**प्रश्न.3) निम्नलिखित की सही जोड़ियाँ बनाइये: -** **(1*6)**

| | (अ) | (ब) |
|---|---|---|
| (i) | तटस्थता वक्र | (क) विपरीत सम्बन्ध है |
| (ii) | मूल्य एवं मांग में | (ख) एक दूसरे को नहीं काटते है |
| (ii) | सामान्य मूल्य बराबर होता है | (ग) वस्तु की लागत से |
| (iii) | वस्तु की पूर्ति का सम्बन्ध | (घ) औसत लागत |
| (iv) | आधिक्य बजट | (ड़) स्टॉक एक्सचेंज शेयर |
| (vi) | प्रतिभूति विनिमय दर | (च) व्यय का आय से अधिक होना |

**प्रश्न.4) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक शब्द/वाक्य में दीजिये -** **(1*6)**

(i) बजट रेखा का दूसरा नाम क्या है ?

(ii) उत्पादन फलन कितने प्रकार के होते है ?

(iii) कौन-सी आय आर्थिक विकास की सूचक होती है ?

(iv) राष्ट्रीय आय का अध्ययन किस अर्थशास्त्र में किया जाता है ?

(v) पूंजी की सीमांत दर किसके बराबर होती है ?

(vi) पूर्ण रोजगार हेतु किस में वृद्धि की आवश्यकता होगी ?

**प्रश्न.5 निम्नलिखित प्रश्नों में सत्य/असत्य लिखिए -** **(1*7)**

(i) एडम स्मिथ को आधुनिक अर्थशास्त्र का जनक कहा जाता है |

(ii) मांग वक्र को औसत आगम वक्र भी कहते है |

(iii) स्टॉक परिवर्तन एक प्रवाह है |

(iv) 1-MPC = MPS होता है |

(v) जिस अनुपात में आय बढ़ती है उसी अनुपात में उपभोग व्यय नहीं बढ़ता है |

(vi) भुगतान क्षेत्र का पूंजी खाता हमें ऋणों एवं दावों के बारे में बताता है |

(vii) बैंकिंग चालू खाते की मद है |

प्रश्न.6) अर्थव्यवस्था की कोई दो केन्द्रीय समस्या को समझाइए | (2)

अथवा

आर्थिक क्रियाओं तथा ग़ैर आर्थिक क्रियाओं में अंतर लिखिए |

प्रश्न.7) कुल उत्पाद का अर्थ लिखिए | (2)

अथवा

अल्पकाल अवधि से क्या अभिप्राय है ?

https://www.mpboardonline.com

प्रश्न.8) एक पूर्ण प्रतिस्पर्धी बाज़ार में श्रम की इष्टतम मात्रा किस प्रकार निर्धारित होती है ? (2)

अथवा

संतुलन मात्रा क्या है ?

प्रश्न.9) श्रम बाज़ार में मजदूरी का निर्धारण कहाँ होता है ? (2)

अथवा

सामान्य मूल्य किसे कहते हैं ?

प्रश्न.10) आय का चक्रीय प्रवाह क्या है ? (2)

अथवा

हस्तांतरण भुगतान किसे कहते हैं ?

प्रश्न.11) राष्ट्रीय आय के लाभों को समझाइए | (2)

अथवा

दोहरी गणना की समस्या से कैसे बचा जा सकता है ?

प्रश्न.12.) नकद कोषानुपात का अर्थ लिखिए | (2)

अथवा

व्यापारिक बैंकों के कार्य लिखिए |

प्रश्न.13.) जे.बी. से का बाज़ार नियम लिखिए | (2)

अथवा

उपभोग प्रवति क्या होती है ?

प्रश्न.14.) तरलता जाल क्या है? (2)

अथवा

पूर्ण रोजगार से क्या आशय है ?

प्रश्न.15.) प्रत्याशित निवेश और यथार्थ निवेश में दो अंतर लिखिये | (2)

अथवा

न्यून या अभावी मांग के कोई दो कारण लिखिए |

प्रश्न.16) आय का स्तर बढने तथा घटने का मांग की लोच पर क्या प्रभाव पड़ता है ? (3)

अथवा

मांग की लोच को प्रभावित करने वाले घटकों को लिखिए | https://www.mpboardonline.com

प्रश्न.17) सीमान्त उपयोगिता का अर्थ लिखिए | सीमांत उपयोगिता ह्रास नियम लागू होने के कोई दो कारण बतायें | (3)

अथवा

निम्नस्तरीय वस्तु किसे कहते हैं ? उदाहरण दीजिए |

प्रश्न.18.) बाज़ार मूल्य एवं सामान्य मूल्य में अंतर स्पष्ट कीजिये | (3)

अथवा

पूर्ति के प्रकार समझाइए |

प्रश्न.19.) एक अच्छी मुद्रा में कौन-कौन से गुणों का समावेश होना चाहिए, उनका वर्णन कीजिये | (3)

अथवा

https://www.mpboardonline.com

मुद्रा गुणक क्या है ? गुणक का मूल्य क्या निर्धारित करता है ?

प्रश्न.20) मांग के नियम के अपवाद लिखिए | (4)

अथवा

सीमांत उपयोगिता ह्रास नियम का महत्व लिखिए |

प्रश्न21.)उत्पादन फलन के आवश्यक तत्वों का उल्लेख कीजिये | (4)

अथवा

लागत वक्र U आकार के क्यों होते हैं ? कारण लिखिए |

प्रश्न.22) घाटे के बजट से क्या आशय है ? सरकार के बजट में दर्शाए जाने वाले विभिन्न प्रकार के घाटों का वर्णन कीजिये | (4)

अथवा

घाटे का बजट लाभदायक होता है, क्यों? समझाइए |

प्रश्न 23.) विदेशी विनिमय दर का अर्थ समझाइए | स्थिर तथा लोचपूर्ण विनिमय दर में तुलना कीजिये |(4)

अथवा

भुगतान संतुलन में असंतुलन ठीक करने के अमौद्रिक उपायों की विवेचना कीजिये |

https://www.mpboardonline.com